**130** **323(IT)**

# 2025
# नागरिक शास्त्र
## (Civics)

**मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 7** **पूर्णांक : 100**

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट**

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**निर्देश :**

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहुविकल्पीय हैं।

(iii) प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघु उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक 10 शब्दों (एक वाक्य) में देना है।

(iv) प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु उत्तरीय-1 प्रकार के हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में देना है।

(v) प्रश्न संख्या 27 से 30 तक लघु उत्तरीय-II प्रकार के हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 100 से 125 शब्दों में देना है।

(vi) प्रश्न संख्या 31 एवं 32 दीर्घ उत्तरीय हैं, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 250 शब्दों में देना है।

(vii) सभी प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

**Instructions:**

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question Nos. 1 to 10 are of Multiple Choice type.

(iii) Question Nos. 11 to 20 are of Very Short Answer type. Their answers are to be given in about 10 words (one sentence) each.

(iv) Question Nos. 21 to 26 are of Short Answer - I type. Their answers are to be given each in about 50 words.

(v) Question Nos. 27 to 30 are of Short Answer - II type. Their answers are to be given each in about 100 to 125 words.

(vi) Question Nos. 31 and 32 are of Long Answer type. Their answers are to be given each in about 250 words.

(vii) Allotted marks of all the questions are given against them.

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)
## (Multiple Choice Type Questions)

**नोट : निम्नलिखित दस प्रश्नों में प्रत्येक के चार विकल्प दिए गए हैं। इनमें से सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए :**

1. बर्लिन की दीवार को पूर्वी जर्मनी की आम जनता ने कब गिरा दिया ? **1**

   अ) 1989

   ब) 1995

   स) 1991

   द) 1996

2. शांगेन की संधि किस संगठन से सम्बन्धित है ? **1**

   अ) आसियान

   ब) यूरोपीय संघ

   स) नाटो

   द) विश्व बैंक

3. भारत की सरकार ने 1987 में अपनी शांति सेना किस देश में भेजी ? **1**

   अ) भूटान

   ब) नेपाल

   स) म्यांमार

   द) श्रीलंका

4. निम्नलिखित में से कौन सा एक संयुक्त राष्ट्र संघ का प्रमुख अंग नहीं है ? **1**

   अ) सुरक्षा परिषद

   ब) आम सभा

   स) सचिवालय

   द) विश्व बैंक

5. जैविक हथियार संधि पर हस्ताक्षर किस वर्ष हुई ? **1**

अ) 1970

ब) 1972

स) 1990

द) 1992

6. सरदार वल्लभभाई पटेल भारत की संविधान सभा की निम्नलिखित में से किस समिति के सदस्य थे ? **1**

अ) मौलिक अधिकार

ब) अल्पसंख्यक

स) प्रान्तीय संविधान

द) इनमें से सभी

7. 'एक देश, एक संस्कृति और एक राष्ट्र' के विचार पर किस राजनीतिक दल ने जोर दिया ? **1**

अ) सोशलिस्ट पार्टी

ब) भारतीय जनसंघ

स) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस

द) इनमें से कोई नहीं

8. भारत के साथ सिक्किम के पूर्ण विलय का प्रस्ताव सिक्किम विधानसभा ने कब पारित किया ? **1**

अ) 1975

ब) 1980

स) 1970

द) 1965

9. निम्नलिखित संगठनों में से किसकी स्थापना कांशीराम द्वारा की गई ? **1**

अ) बामसेफ

ब) डीएस-4

स) बहुजन समाज पार्टी

द) इनमें से सभी

10. भारतीय संघ का एक स्वतंत्र राज्य बनने से पूर्व गोवा पर किसका शासन था ? **1**

अ) ब्रिटेन

ब) फ्रांस

स) पुर्तगाल

द) स्पेन

## (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)
## (Very Short Answer Type Questions)

11. दक्षिण एशिया के किन्हीं चार देशों के नाम लिखिए। **2** *Write the names of any four countries of South Asia.* **2**

12. दक्षिण एशिया के किन्हीं दो देशों के नाम बताइए, जिनके पास परमाणु हथियार हैं। **2** *Name any two countries of South Asia which have nuclear weapons.* **2**

13. प्रधानमंत्री के रूप में लाल बहादुर शास्त्री जी के कार्यकाल में देश ने किन दो बड़ी चुनौतियों का सामना किया ? **2** *What two major challenges did the country face during Lal Bahadur Shastri's tenure as Prime Minister?* **2**

14. अन्तरराष्ट्रीय संगठन की आवश्यकता के कोई दो कारण लिखिए। **2** *Write any two reasons for the need of International organization.* **2**

15. भारत में 'मूलवासी' के लिए किस शब्द का प्रयोग किया जाता है ? इनकी जनसंख्या कुल जनसंख्या का कितना प्रतिशत है ? **2** *Which word is used for 'Indigenous people' in India? What percentage of their population is of the total population?* **2**

16. वैश्वीकरण की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। **2** *Mention any two characteristics of Globalization.* **2**

17. स्वतन्त्रता के पश्चात भारत की किन्हीं दो प्रमुख चुनौतियों का उल्लेख कीजिए। **2** *Mention any two major challenges of India after independence.* **2**

18. आज़ादी के समय भारत के सामने विकास के कौन से मॉडल थे ? **2** *Which two models of development were there before India at the time of independence?* **2**

19. 'आया राम-गया राम' से आप क्या समझते हैं ? **2** *What do you understand by 'Aaya Ram Gaya Ram'?* **2**

20. जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम-2019 के किन्हीं दो परिणामों का उल्लेख कीजिए। **2** *Mention any two consequences of Jammu and Kashmir Reorganization Act-2019.* **2**

## (लघु उत्तरीय प्रश्न - I)
## (Short Answer - I Type Questions)

21. यूरोपीय संघ पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **5** *Write a short note on European Union.* **5**

22. सुरक्षा की अपारंपरिक धारणा का संक्षेप में उल्लेख कीजिए। **5** *Briefly mention the Non-traditional concept of security.* **5**

23. संसाधनों की भू-राजनीति से आप क्या समझते हैं ? **5** *What do you understand by Geo-politics of resources?* **5**

24. कांग्रेस के प्रभुत्व की प्रकृति का संक्षेप में वर्णन कीजिए। **5** *Briefly describe the nature of dominance of Congress.* **5**

25. वामपंथ और दक्षिणपंथ से आप क्या समझते हैं ? **5** *What do you understand by Leftism and Rightism?* **5**

26. 'मण्डल आयोग' पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **5** *Write a short note on 'Mandal Commission'.* **5**

## (लघु उत्तरीय प्रश्न - II)
## (Short Answer - II Type Questions)

27. शीत युद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ में सुधार की आवश्यकता को स्पष्ट कीजिए। **6** *Explain the need of reform of the United Nations after the Cold War.* **6**

28. वैश्वीकरण क्या है ? इसके सांस्कृतिक प्रभावों का वर्णन कीजिए। **6**
*What is Globalization? Describe its cultural impacts.* **6**

29. 1970 के दशक के गुजरात और बिहार के आन्दोलनों पर प्रकाश डालिए। **6** *Throw light on the movements of Gujarat and Bihar in the 1970s.* **6**

30. द्रविड़ आन्दोलन भारत के क्षेत्रीय आन्दोलनों में सबसे ताकतवर आन्दोलन था। विवेचना कीजिए। **6** *The Dravidian movement was the most powerful regional movement in India. Discuss.* **6**

## (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)
## (Long Answer Type Questions)

31. सोवियत संघ के विघटन के कारणों की विवेचना कीजिए। **8**

**अथवा / OR**

चीन के साथ भारत के सम्बन्धों की विवेचना कीजिए। **8** *Discuss the reasons for the disintegration of the Soviet Union.*

*OR*

*Discuss India's relations with China.* **8**

32. सोवियत प्रणाली क्या थी ? सोवियत संघ के विघटन के परिणामों का उल्लेख कीजिए। **8**

**अथवा / OR**

भारत में राजवाड़ों के विलय पर एक संक्षिप्त निबन्ध लिखिए। **8**

*What was the Soviet system? Mention the consequences of the disintegration of the Soviet Union.*

*OR*

*Write a short essay on the merger of princely states in India.* **8**